हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

## औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.

# धान बेचने के लिए सह खातेदारों का एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी नहीं, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है**

प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। इसके मुताबिक अब केवल लंबरदार का ही एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं होगी। शासन द्वारा सोमवार को यह महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के बाद पंजीयन के लिए भटक रहे हजारों किसानों को राहत मिल सकेगी। ज्ञात हो कि जिले में करीबन डेढ़ लाख ऐसे किसान शेष थे, जिनका सह खाताधारक होने के कारण पंजीयन होना बाकी था। अब इस आदेश के बाद इन किसानों को भी राहत मिलेगी।

शासन द्वारा जून महीने में जारी किए गए आदेश के अनुसार सह खातेदारों को भी एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया था, तभी वे समर्थन मूल्य पर अपना धान समितियों में बेच पाते। इस आदेश के बाद प्रदेशभर के किसानों में सह खातेदारों द्वारा एग्रीस्टेक पंजीयन की होड़ सी मच गई थी। इस चक्कर में किसान हलाकान भी होते रहे। प्रदेश में लाखों की संख्या में ऐसे महिला सह खातेदारों की भी, जिनका विवाह हो चुका है और वे अन्यत्र निवास कर रही है, ऐसे लोग शामिल है।

### पंजीयन अब अनिवार्य नहीं

इस श्रेणी की महिला खातेदारों द्वारा भी मोबाइल ओटीपी के आधार पर अपना एग्रीस्टेक पंजीयन कराया गया था। सोमवार को शासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते पूर्व में जारी सह खातेदारों के भी एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब केवल लंबरदार का एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं है।



### पंजीयन का टारगेट पूरा

खाते में शामिल सभी किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य करने के बाद हड़बड़ाए किसान बड़ी संख्या में एग्रीस्टेक पंजीयन कराने सेंटर में पहुंचते रहे। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक डेढ़ लाख किसानों का पंजीयन हो गया है। पिछले साल धान बेचने वाले लगभग सभी किसानों का पंजीयन हो गया है, वहीं सवा लाख के करीब ऐसे किसान बाकी थे, जो सहखाता धारक की श्रेणी में थे। हालांकि नए आदेश के बाद अब इनको पंजीयन नहीं कराना होगा।

### की गई नई व्यवस्था

खाद्य रविन्द्र सोनी ने बताया कि खाते में दर्ज सारे सह खातेदार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अब आवश्यक नहीं है। धान बेचने के लिए केवल लंबरदार का पंजीयन अनिवार्य है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## 30 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान, नए मतदाताओं के जुड़ेंगे नाम

# एसआईआर के बाद सूची से हटाए गए 55 हजार मतदाताओं की होगी पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। पिछले साल चलाए गए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची से हटाए गए 55 हजार से अधिक नामों की अब दोबारा गहन पड़ताल की जाएगी।

**अलग खबर**

नए निर्वाचन कार्यक्रम के तहत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल नए मतदाताओं को जोड़ने का काम ही नहीं होगा, बल्कि पूर्व में विलोपित किए गए नामों का भी अनिवार्य रूप से रिवेरिफिकेशन किया जाएगा। निर्वाचन अमले को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से छूटा न रहे और सूची पूरी तरह अद्यतन रहे। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार पिछले पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिले की चारों विधानसभाओं में कुल 8 लाख 35 हजार 910 मतदाताओं के सापेक्ष 55 हजार 705 मतदाताओं के नाम विलोपित या अनकलेक्टेबल श्रेणी में दर्ज किए गए थे। इनमें सबसे अधिक 37 हजार 188 नाम स्थानांतरित या अनुपस्थित पाए जाने के कारण सूची से बाहर हुए थे। जबकि 15 हजार 502 मतदाताओं की मृत्यु हो जाने और 3 हजार 15 नाम पहले से अन्यत्र पंजीकृत होने के कारण हटाए गए थे। अब दोबारा शुरू किए गए अभियान के तहत प्रशासन ने आम नागरिकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी इस पुनरीक्षण और रिवेरिफिकेशन अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया है। निर्वाचन अधिकारियों का कहना है कि शत-प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची ही निष्पक्ष और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है। नए कार्यक्रम के तहत सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता और सावधानी से पूरी करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। नागरिक ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वाने आवेदन कर सकते हैं।

**फार्म-6 भरकर जुड़वा सकेंगे नाम**

### नांदगांव में सर्वाधिक नाम हटे




विधानसभावार स्थिति पर नजर डालें तो राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 20 हजार 571 नाम विलोपित हुए थे। इसके अलावा डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13 हजार 448 नाम, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में 11 हजार 208 नाम और डोंगरगांव विधानसभा में 10 हजार 478 नाम हटाए गए थे। अब निर्वाचन आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप इन सभी मामलों की फिर से जमीनी स्तर पर जांच की जाएगी।

### 30 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में भी सोमवार से मतदाताओं को जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि बीएलओ अपने स्तर पर डोर-टू-डोर या किसी चयनित स्थान में बैठकर नए नामों को जोड़ने का काम करेंगे। जिले की चार विधानसभा में कुल 1075 बूथों में एक साथ यह अभियान चलेगा। जिसकी अंतिम अवधि 30 अक्टूबर तक तय की गई है। ज्ञात हो कि इस दौरान पिछले साल जिनका नाम कटा है, वह भी अपना नाम जुड़वा सकेंगे।

### जांच के बाद तैयार होगी रिपोर्ट

इस अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ घर-घर जाकर स्थिति का वास्तविक सत्यापन करेंगे। अधिकारी यह जांचेंगे कि जिन लोगों को अनुपस्थित या स्थानांतरित मानकर नाम सूची से हटाया गया था, क्या वे वास्तव में अन्यत्र चले गए हैं या अब भी अपने मूल निवास स्थान पर ही रह रहे हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि पिछले साल किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से हट गया है और वह पुनः अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना चाहता है, तो उसे निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते फॉर्म-6 भरकर जमा करना होगा। नए मतदाता, जिनकी आयु पात्रता तिथि को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे भी इसी फॉर्म के माध्यम से अपना नाम जुड़वा सकेंगे।

# सरकारी पहाड़ी और नाले में अवैध निर्माण पर फिर से चला बुलडोजर

## अवैध मार्ग की खुदाई कर आवागमन किया बंद

**खास बातें**
- वन चेतना केंद्र में लगातार अवैध निर्माण तोड़ने की हो रही कार्रवाई
- राजस्व महकमे के अफसर रहे मौके पर मौजद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मनगटा वन चेतना केंद्र क्षेत्र में एक बार फिर जिला प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण पर एक्शन लिया गया है। मनगटना वन चेतना केंद्र से लगे झुराडबरी में सरकारी पहाड़ी की जमीन और नाले में अवैध रूप से बनाए जा रहे सड़क को बुलडोजर से तोड़ने का काम किया गया है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण के खिलाफ एक्शन लिया गया था।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे एवं अनधिकृत निर्माण के विरूद्ध राजस्व विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत मनगटा वन चेतना केन्द्र से लगे ग्राम झुराडबरी में शासकीय पहाड़ी भूमि एवं नाले पर अवैध रूप से बनाए गए मार्ग के विरूद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई।

राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी एवं भारी मशीनरी की सहायता से दोबारा बनाए गए अवैध कच्चे मार्ग की जगह-जगह गहरी खुदाई कर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। कार्रवाई के तहत सड़क के बीच विभिन्न स्थानों पर गहरी खुदाई की गई। जिससे इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है।

### इन रकबा पर अवैध निर्माण

उल्लेखनीय है कि शासकीय भूमि खसरा नंबर 672 पहाड़/चट्टान मद में दर्ज है। जिसका कुल रकबा 13.354 हेक्टेयर है। इसके साथ ही खसरा नंबर 563/1, 563/2 एवं 563/3 के सामने स्थित शासकीय नाले पर दोबारा कच्चा मार्ग तैयार किया गया था। प्रशासन द्वारा जेसीबी की सहायता से उक्त अवैध मार्ग की जगह-जगह गहरी खुदाई कर इसे आवागमन के लिए अवरुद्ध कर दिया गया।

## वनांचल में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की भी परखी जमीनी हकीकत

# आईजी ने ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अजय यादव सपत्नीक जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सुदूर अंचल स्थित ग्राम परवीडीह पहुंचे। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक एवं उनकी पत्नी ने ग्रामीणों, महिलाओं, पुरूषों एवं बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा क्षेत्र की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं दैनिक जीवन से जुड़ी परिस्थितियों की जानकारी ली।

सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव सपत्नीक आंगनबाड़ी, प्राथमिक शाला एवं जंगलटोला के बच्चों से मुलाकात की। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते फल, ट्राउजर, शर्ट, स्लीपर, कॉपी, पेन, पेंसिल एवं खेल सामग्री सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की गई। ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते फावड़ा, बेलचा, कुदाल, कुल्हाड़ी सहित विभिन्न कृषि उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की।




### सामुदायिक पुलिसिंग से मजबूत हो रहा पुलिस जन विश्वास

सुदूर अंचल में पुलिस महानिरीक्षक का ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद करना, उनकी समस्याओं को सुनना, बच्चों को शिक्षा एवं खेल के लिए प्रोत्साहित करना, ग्रामीणों को कृषि उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना, पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अजय यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वायपी सिंह, थाना अंबागढ़ चौकी प्रभारी अश्वनी राठौर, थाना मोहला प्रभारी संदीप टोप्पो सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिविर में उपचार

कार्यक्रम के दौरान गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने स्वयं स्वास्थ्य शिविर का जायजा लेते ग्रामीणों से स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को उनके गांव के आसपास ही स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिल सके। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निरंतर देखभाल एवं आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जाएगी।

रिफ्रेशर कोर्स में हुए शामिल : ग्राम परवीडीह में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के पश्चात आईजी अजय यादव पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला के मीटिंग हॉल में आयोजित नवीन आपराधिक कानूनों के रिफ्रेशर कोर्स में सम्मिलित हुए।









# डोंगरगढ़ में तेंदुए की दस्तक से लोगों में दहशत, अटल चौक तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ के घोटिया, दारा, टोटलमारी और डैम क्षेत्र में इन दिनों तेंदुए की लगातार मौजूदगी ने ग्रामीणों और आसपास के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बीते कुछ दिनों से अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए के देखे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। अब ताजा मामला अटल चौक के आसपास का है, जहां बीती रात करीब 9 से 10 बजे के बीच तेंदुआ दिखाई देने का दावा किया गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो भी बनाए जाने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, करीब चार दिन पहले दारा निवासी धवल चावड़ा ने अपने फार्म हाउस के पास तेंदुए को देखे जाने की सूचना दी थी। उस समय भी ग्रामीणों ने इसकी जानकारी संबंधित विभाग तक पहुंचाई थी। इसके बाद अब तेंदुए की लोकेशन फार्म हाउस क्षेत्र से आगे बढ़कर घोटिया, डैम, दारा, टोटलमारी और अटल चौक के आसपास मिलने की बात सामने आ रही है। लगातार अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए की मौजूदगी की खबरों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर रात के समय इन क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों में भय का माहौल है।

## चार दिन पहले फार्म हाउस के पास दिखा तेंदुआ, लगातार हो रही पुष्टि

### लोकेशन मिलने के बावजूद विभाग मौन

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन अब तक वन विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई अथवा व्यापक निगरानी व्यवस्था नजर नहीं आई है। लोगों का कहना है कि किसी अप्रिय घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय समय रहते तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए की गतिविधियों वाले क्षेत्रों में तत्काल टीम भेजकर निगरानी बढ़ाई जाए, आवश्यक स्थानों पर कैमरा ट्रैप लगाए जाएं और लोगों को रात के समय सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया जाए।



### अटल चौक के पास तेंदुआ दिखने का दावा

ताजा घटना में बताया गया है कि बीती रात घोटिया-टोटलमारी क्षेत्र में मौजूद कुछ लोगों ने तेंदुए को देखा। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद पब्लिक कंपनी के कर्मचारियों ने तेंदुए का वीडियो भी बनाया। वीडियो में तेंदुआ सड़क रास्ते के आसपास दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। यदि लगातार मिल रही इन सूचनाओं की पुष्टि होती है, तो यह चिंता का विषय है कि तेंदुआ आबादी और आवाजाही वाले इलाकों के काफी करीब पहुंच चुका है।

### ग्रामीणों में बढ़ रही दहशत

लगातार तेंदुए के देखे जाने की खबरों के बीच ग्रामीणों में भय का माहौल बनता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि तेंदुआ इसी तरह आबादी वाले इलाकों की ओर आता रहा तो कभी भी इंसानों या मवेशियों के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए की वास्तविक लोकेशन का पता लगाकर उसकी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे रात में अकेले सुनसान इलाकों में जाने से बचें और तेंदुआ दिखाई देने पर उसके करीब जाने या उसे घेरने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

## खबर संक्षेप

### वॉलीबॉल स्पर्धा में अनुराग को मिला कांस्य पदक

**डोंगरगांव।** स्थानीय पीएमश्री सेजेस विद्यालय के छात्र अनुराग चौरे ने



राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत वालीबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।अनुराग ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय देते हुए अपनी टीम को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्राचार्य भारतलाल देवांगन, खेल शिक्षक हारून कुरैशी ने अनुराग की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई है।

### वनांचल क्षेत्र में बिजली की समस्या शीघ्र होगी दूर

**सड़क अतरिया।** सेवा सेतु अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत झुरानदी में शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें कलेक्टर इन्द्रजीत




सिंह चन्द्रवाल को वनांचल के किसानों ने बिजली की समस्या से अवगत करा कर समस्या को दूर करने की मांग किया है। किसानों ने बताया कि पैलीमेटा के दर्जन भर से भी अधिक गांव के ग्रामीण बिजली की कटौती और वो ओल्टेज की समस्या से काफी परेशान हैं। फसलों में सिंचाई भी नहीं हो पा रही है, जिससे फसलों की स्थिति खराब हो रही है। कलेक्टर ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए व्याप्त समस्या को शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया है।

### डॉ. हेमशंकर को मिला उत्कर्ष सम्मान

**डोंगरगांव।** लता फाउंडेशन नई दिल्ली ने दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम का



आयोजन जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया। समारोह में 120 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। 50 चयनित शोधार्थियों एवं समाजसेवियों को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। 70 विशिष्ट व्यक्तित्वों को अंतर्राष्ट्रीय उत्कर्ष श्री सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया। इस दौरान छुरिया ब्लाक के निवासी और अल्वा फाउंडेशन, नई दिल्ली के चेयरमैन डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू को अंतर्राष्ट्रीय उत्कर्ष श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. साहू लंबे समय से अल्वा फाउंडेशन के माध्यम से गरीब बच्चों की निशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान और युवा कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस उपलब्धि पर विश्वास त्रिपाठी, मनोज नायक, रतन गोडसे, घनश्याम साहू, अंजनी साहू, डॉ. नीरेंद्र साहू, प्रियंक सोनी, गौरव साहू आदि ने बधाई दी है।

### विद्यार्थी के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य अंजली अवधिया के



निर्देशन एवं स्विप नोडल अधिकारी ओमप्रकाश सहारे के मार्गदर्शन में मंगलवार को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु उत्साहित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नूतन देवांगन, आरती तिवारी, बीएलओ रामचंद्र ठाकुर ने मतदाता पात्रता रखने पर उमेश्वरी, खोमेशवरी निर्मलकर, दिशा देवांगन, यशोदा भोवारय, टोमिन सोनकर, प्रिया सोनकर आदि का नाम मतदाता सूची में दर्ज किया।

### ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की



शुरुआत में प्राचार्य ने ओजोन दिवस की विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करती है तथा सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से हमारी सुरक्षा करती है।वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया कि ओजोन परत को नुकसान पहुँचने से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, फसलों और जैव-विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विद्यार्थियों ने ओजोन परत के संरक्षण से संबंधित पोस्टर बनाए, जिसमें पलक ने प्रथम, पुष्पांजलि ने द्वितीय एव लक्ष्मी, सतीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम प्रभारी पूजा देवांगन ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से ओजोन परत की रक्षा के लिए जागरूक रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। अंत में विद्यार्थियों ने ओजोन परत के संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में वासु दुबे, अश्विन गौतम, नवीन राजपूत, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, नेमू साहू, शिवम वैष्णव, रोशन कुमार, साधना देवांगन, मासूम वर्मा आदि शामिल हुए।

## हरूना धान पकने की स्थिति में, खेतों में नमी परेशानी का कारण

# मानसून लौटा, किसानों की बढी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭सड़क अतरिया

## तापमान अधिक होने से खेत तेजी से सूख रहे

बीते सप्ताह हुए मुसलाधार बारिश खरीफ फसलों में जान डाल दिया था और हरियाली लौट आई थी। इसके बाद से मानसून की वापसी और लगातार तापमान का तेज बना रहना फसलों के लिए अनुकूल साबित नहीं हो रहा है। खेतों में भरा पानी और नमी में कमी है। जिसमें फिर धान की फसल को लेकर किसानों की चिंता गहराने लगी है।

किसानों ने बताया कि अधिकतर हरूना धान की बालियां निकल आई है। ऐसे समय पर खेतों में नमी और पानी की नितांत आवश्यकता है, परन्तु मानसून के अंतिम बारिश के बाद भी तेज उमस और गर्मी से खेतों की नमी गायब हो गई है। जिससे फसलों को पकाने में समस्या खड़ी हो गई। जिन किसानों के पास स्वयं का साधन है वह जल आपूर्ति तो कर ले रहे हैं। वहीं वर्षा जल पर निर्भर रहने वाले किसान काफी चिंतित हैं। इधर नहर नाली से भी पर्याप्त सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। कुछ किसान पानी खरीद कर फसल को पकाने में जुट गये है।

### बीमारी एवं कीट प्रकोप की आशंका

लगातार बढ़ रहे उमस और गर्मी से धान के खेतों से नमी समाप्त हो रही है। ऐसे में फसलों में विभिन्न किस्म के बीमारी और कीट प्रकोप बढ़ने की आशंका गहराने लगा है। पखवाड़े पर पहले खेतों में नमी नहीं होने से फसल खराब होने लगी थी। फिर मुसलाधार बारिश से फसलों को बीमारी और कीट प्रकोप से मुक्ति मिल गई थी। अब मानसून जाने के बाद बारिश का आसार कम हो गया है। ऐसी स्थिति कुछ दिन और रहा तो हरूना धान के उत्पादन पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है।



### दलहन तिलहन की कटाई शुरू

क्षेत्र में एक बड़े रकबा पर किसानों ने दलहन तिलहन फसलों की बोआई किया हुआ है। उड़द, मुंग की कटाई अब अंतिम चरण में है। वहीं सोयाबीन की कटाई भी शुरू हो गया है। किसानों ने बताया कि मौसम के उतार चढ़ाव से लगातार हर साल दलहन तिलहन फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसके उत्पादन पर लागत अधिक और उत्पादन लगातार घटने से इसका रकबा प्रत्येक वर्ष कम होता जा रहा है। क्षेत्र के कृषक इन फसलों को नकदी फसल मानकर बुआई करते हैं, पर मौसम अनुकूल नहीं होने से अपेक्षित लाभ से वंचित हो जा रहें हैं। इस वर्ष अरहर का रकबा भी काफी सीमित हो गया है।

**सब्जियों के दाम छू रहे आसमान**

बीते दिवस हुए मुसलाधार बारिश ने सब्जी की फसल को काफी प्रभावित किया है। लोकल सब्जी बाड़ी से पर्याप्त सब्जियां नहीं निकलने से सब्जियों का दाम काफी बढ़ गया है। गवारफल्ली, गोभी, मुनगा सहित कुछ सब्जी का दाम सौ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं लोकल बाड़ी से टमाटर की आवक बढ़ने के बाद भी टमाटर चिल्हर में तीस रूपए प्रति किलो पर ही बना हुआ है। वहीं प्याज, लालभाजी के दाम भी शतक में है।

### कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज के खुशाल बने अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज घटक डोंगरगढ़ के चुनाव का चौथा सत्र ३ अक्टूबर को सौहार्दपूर्ण वातावरण में



संपन्न हुआ। समाज के सदस्यों की आपसी सहमति, समन्वय और एकजुटता के चलते चुनाव प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न हुई। इस अवसर पर समाज की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए सामाजिक एकता, संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक उत्थान को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया गया। निर्विरोध निर्वाचन के परिणामस्वरूप मुख्य समिति में खुशाल भाई चावड़ा को अध्यक्ष, दिलीप भाई बेगड़ को उपाध्यक्ष, प्रफुल्ल भाई चावड़ा को मंत्री, अनिल भाई परमार को सह मंत्री, आशीष भाई परमार को कोषाध्यक्ष तथा मुकेश वजलाल भाई चावड़ा को प्रचार-प्रसार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। सलाहकार समिति का भी गठन किया गया। इसमें नानालाल भाई जेठवा, रामजी भाई चौहान, हिरेन भाई परमार, अशोक लाल भाई चावड़ा, संन्तत भाई जेठवा, कमलेश पुरुषोत्तम भाई राठौड़, राजेश (टीक) भाई चावड़ा एवं हरीश भाई जेठवा को शामिल किया गया। वहीं समाज की गतिविधियों में विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में बलराम भाई राठौड़, रमणीक भाई सोलंकी, निर्मल भाई चावड़ा, नितिन भाई चावड़ा एवं नरेश भाई जेठवा का चयन किया गया। सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी समाज को संगठित करने, सामाजिक एकता को मजबूत बनाने सक्रियता से कार्य करेगी। बैठक में समाज की परंपराओं व एकजुटता को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने चलाया सेवा संकल्प अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ ग्रामीण भारत देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा पिछड़ा वर्ग में सेवा संकल्प का आयोजन ग्रामीण छेत्र में किया जा रहा है। इस अभियान के तहत भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं डोंगरगढ़ ग्रामीण के तहत 4 अक्टूबर को डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम बछेराभाटा में स्थित डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर बालक छात्रावास एवं वृद्धाश्रम में जाकर सभी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा बिस्कुट पैकेट का वितरण छात्र एवं वृद्धजन को दिया गया।

## झुरानदी में प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम झुरानदी में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के आवेदन प्रस्तुत किए, जिनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल की गई।

कार्यक्रम की प्रभारी एवं भिलाई की पूर्व महापौर निर्मला यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की प्रशंसा पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में विकास तथा जनकल्याण से जुड़े कार्यों को गति मिली है और विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं का विस्तार हुआ है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान हिंदुस्तान की जनता को समर्पित है। अभियान का उद्देश्य आम जनता तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराया गया है।

आयोजन में सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, आनंद सिन्हा प्रकाश जंघेल, ज्योति जंघेल,दूजे राम, जैनेंद्र जंघेल, विनोद रजक, हेमंत वर्मा, प्यारे लाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अनुविभागीय अधिकारी अविनाश सिंह ठाकुर, वीरेंद्र मरकाम, मुख्य कार्य पालन अभियंता जल संसाधन विभाग विद्युत विभाग के डीई दुबे, केतन साहू, अविनाश नायक, सिंचाई विभाग की एसडीओ मदालसा विश्वकर्मा, विद्युत विभाग के अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ केशवरी देवांगन, पीओ सिद्धार्थ जायसवाल तहसीलदार आशीष देवहारी, राजकुमार सोलंकी, कृषि विभाग समीना खान, सचिव ग्राम पंचायत झुरानदी सहित अन्य उपस्थित रहे।



### जनसेवा के कई काम

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25वां वर्ष विकास और जनसेवा के कार्यों के लिए महत्वपूर्ण रहा है। इसी क्रम में सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश के अलग-अलग क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं।पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कराए गए विकास कार्यों की तुलना किसी अन्य कार्यकाल से नहीं की जा सकती।

### ग्रामीणों से रूबरू

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ग्रामीणों से संवाद किया।जल संवर्धन को लेकर शपथ दिलाया गया।अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में आए 771 आवेदनों में से 577 का निराकरण किया गया। इस दौरान दिव्यांग जानो को ट्राइसिकल और बुजुर्गो को छड़ी दिया गया।

# दाम सत्याग्रह में उठाई किसानों की आवाज

**डोंगरगढ़।** किसानों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को अंबेडकर चौक रायपुर में आयोजित दाम सत्याग्रह में राजनांदगांव सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसान नेता एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ लोधी समाज तथा सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के विष्णु लोधी ने सत्याग्रह में शामिल होकर किसानों की मांगों का समर्थन किया और किसानों के साथ मजबूती से अपनी आवाज बुलंद की। सत्याग्रह के दौरान 3,358 प्रति क्विंटल धान खरीदी, वर्ष 2024-25 की 117 प्रति क्विंटल बकाया अंतर राशि, वर्ष 2025-26 की 186 प्रति क्विंटल लंबित अंतर राशि, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान तथा डैच गारंटी कानून बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।



### सम्मान की आवाज

इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि किसान सिर्फ आश्वासन नहीं, अपनी मेहनत का उचित और सुनिश्चित दाम चाहता है। श्री लोधी ने कहा कि दाम सत्याग्रह केवल कीमत की मांग नहीं, बल्कि किसान की मेहनत, अधिकार और सम्मान की आवाज है। किसानों की समस्याओं को लेकर वे आगे भी किसानों के साथ खड़े रहेंगे और जनहित के इन मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाते रहेंगे। दाम सत्याग्रह के दौरान बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

### आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान

**खड़गांव।** ग्राम पंचायत कोसमी के आश्रित ग्राम पेंधूर में आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, नीलिमा जैन, साहू मैडम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर बच्चों के पोषण आहार के बारे में बताया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया।आंगन मिलन सेवा आयोजन में बच्चों को लेकर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। यह जानकारी निलिमा जैन ने दी।





### लगातार नोटिस, कार्रवाई का डर फिर भी धड़ल्ले से काम चालू

# एडवर्ड पार्क प्रकरण: प्रशासन ने टेके घुटने

## नगर पालिका की दिखावे की कार्रवाई पर उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के बहुचर्चित एडवर्ड पार्क मामले मे अपने ही आदेश निर्देश के पालन मे प्रशासन की कोताही को लेकर सवाल उठ रहा कि क्या प्रशासन ने रसूखदारो के सामने घुटने टेक दिए है। लोगो का कहना है कि यदि इसी मामले मे कोई गरीब मजबूर होता तो प्रशासन की लाठी मजबूती से उसको पड़ती लेकिन यहॉ रसूखदारो की जमीन मे जारी निर्माण को चार महीने के लंबे अंतराल मे भी प्रशासन रूकवाने मे असमर्थ साबित हो रहा।

सारे नियम कायदो के विपरीत काम हो रहा लेकिन विड़बना देखिए प्रशासन खासतौर से नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह से नतमस्तक दिख रहा है। सीएमओ ने व्यस्तता के चलते पांच लोगो की टीम बना दी।

तीन से चार नोटिस भी जारी हुआ जिसमे हर बार यथा स्थिति बनाए रखने कहा गया अंतिम नोटिस मे भी नपा ने 48 घंटे का अल्टीमेटम तक दे दिया। निरीक्षण के लिए मौके मे भी अधिकारी कर्मचारी पहुँचे एक बार तो रापा धमेला की जप्ती भी हो गई है लेकिन सारी कारवाई नगर पालिका ने दिखावे के तौर पर की है। कलेक्टर से अनुमोदन बाद नजूल शाखा ने अवैध प्लाटिंग पर कारवाई के लिए नपा को दो बार लेटर जारी किया है लेकिन यहॉ भी ढाक मे तीन पांत वाली पिक्चर बनी।

### निर्देश का नहीं हो रहा पालन

जिला प्रशासन द्वारा गठित कमेटी के निर्देश के परिपालन मे कोताही और लाचार नपा प्रशासन एनओसी मे जारी अपने ही उस आदेश को अमलीजामा नही पहना पा रहा जिसके कंडिका पंद्रह मे स्पष्ट लिखा है कि उक्त भूखंड अवैध प्लाटिंग का हिस्सा पाए जाने पर स्वमेव निरस्त माना जाएगा वही इस बात का भी उल्लेख है कि सालभर के भीतर काम प्रारंभ नही कराने पर नवीनीकरण की प्रक्रिया का पालन करना होगया लेकिन अपने ही बनाए नियम को नपा मनवा नही पा रही है इसके चलते लोगो मे इस बात की चर्चा है कि या तो नपा प्रशासन की रसूखदारो से संटिंग है कि हम नोटिस जारी करने काम काम करेंगे तुम काम करते रहना।



### नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश

भूस्वामियों को दिए गए सूचना के बावजूद भवन निर्माण कार्य जारी रखा गया। इसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करने एवं स्थगन आदेश जारी करने तहसीलदार को पत्र लिखा गया।

- पुनीत राम वर्मा, सीएमओ

### नपा प्रशासन जिम्मेदार

नगर पालिका के लचर रवैए को लेकर लोगो ने अब जिला प्रशासन को सीधे तौर पर इसके लिए जिम्मेदार मानना शुरू कर दिया है। कमिश्नर के निर्देश पर कलेक्टर द्वारा एडीएम की अध्यक्षता मे गठित सात सदस्यो वाली जॉच समिति ने यथा स्थिति बनाए रखने 8 जून को पहली बैठक मे नपा को निर्देश दिया था। नगर पालिका ने 12 जून को पहला लेटर जारी कर कहा यथास्थिति बनाए रखे लेकिन काम चालू रहा तब एक जगह प्लिंथ लेबल तक काम हुआ और दूसरी तीसरी जगह छबाई का काम हो पाया था लेकिन किसी ने नपा के नोटिस को गंभीरता से नही लिया।

### नपा प्रशासन के आदेश की उड़ रही धज्जियां

अगस्त महीने मे दूसरा नोटिस जारी करने के बाद सीएमओ ने पांच सदस्यो की टीम बनाई और कहा निगरानी रखे लेकिन इस आदेश की भी धज्जी उड़ी। सितंबर महीने मे नपा प्रशासन ने तहसीलदार और राजस्व विभाग को पत्र लिखकर सामान जप्ती की कारवाई के दौरान उपस्थिति की मांग की। यहॉ सबके सामने निर्माणकर्ता ने सीएमओ को खरीखोटी सुनाई और चैलेंज किया कि सामान जप्त करके दिखाओ। बेबस सीएमओ और पूरा अमला वापस लौट गया सितंबर महीने के अंत मे ही फिर नपा ने नोटिस जारी कर 48 घंटे मे काम बंद नही होने पर पुलिस कारवाई का भय दिखाया लेकिन सैया भए कोतवाल तो डर काहे का। किसी भी निर्माणकर्ता ने काम बंद नही किया और आज हालात यह है कि लगभग सभी का काम पूर्णता की ओर बिना बाधा के अग्रसित है।

### गरीबों पर तुरंत कार्रवाई

यदि इस जगह मे किसी गरीब का मकान दुकान होता तो यही नपा प्रशासन के जिम्मेदार नुमांइदो की गरमी देखते बनती लेकिन यहा नपा प्रशासन के नतमस्तक होने से एक बात तो साफ है कि गरीब मजलूम पर प्रशासन का डंडा कहर बनकर टूटता है लेकिन जब रसूखदारो की बात हो तो यही डंडा कवच का काम करता है। संबंध में हर दफे सीएमओ पुनीत राम वर्मा का रटा रटाया जवाब रहता कि नोटिस जारी कर काम बंद करने कहा गया है। टीम काम बंद कराने जा रही है उनको यह बोलते और नोटिस जारी करते चार महीने हो गये लेकिन ना तो कभी काम बंद हुआ और नहीं कभी सीएमओ के कान में जू रेंगी जिसके चलते धड़ल्ले से काम जारी है और नपा प्रशासन का रवैया ऐसे ही लचर रहा तो महीने भर बाद वहा पूरा ढांचा खड़ा हो जाएगा और शिकायत महज कागज का पुलिंदा बन जाएगा।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव में प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रसेन भवन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में समाज के बच्चे, युवा एवं महिलाएं उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। 5 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। वहीं कल 7 अक्टूबर को महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल की ओर से विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

अग्रवाल महिला मंडल की लक्ष्मी नत्थूलाल अग्रवाल एवं नीता महेंद्र रूंगटा ने बताया कि 5 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिताओं में मीठा व्यंजन प्रतियोगिता में प्रियांशी राजेश अग्रवाल प्रथम तथा निकिता तपन जिंदल एवं दिशा अग्रवाल द्वितीय रही। नोट पैकिंग में अंकिता श्रीवर्धन पोद्दार प्रथम तथा मानसी चैतन्य अग्रवाल एवं दिशा अग्रवाल संयुक्त रूप से द्वितीय रही।

### आज 'अंदाज-ए-रेट्रो' का आकर्षण

अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत कल 7 अक्टूबर को महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल की ओर से विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। महिला मंडल की प्रतियोगिताएं दोपहर 3 बजे से शुरू होंगी। 3 से 3.15 बजे तक 'कान्हा की इलायची माला' प्रतियोगिता होगी। इसके बाद 3.15 बजे से 'अंदाज-ए-रेट्रो' स्टेज प्रोग्राम आयोजित होगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# शहर के आंतरिक भाग में कल शाम पेयजल आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नागरिकों को शुद्ध पानी सप्लाई करने निगम सीमाक्षेत्र की सभी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। टंकी सफाई की अंतिम कड़ी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत स्थित इंदिरा नगर (क्षमता 15 लाख लीटर) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पाएगा। इस वजह से इंदिरा नगर टंकी से 8 अक्टूबर को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 9 अक्टूबर को सुबह समय से सुचारू पेयजल सप्लाई होगी।

- टंकी सफाई की अंतिम कड़ी में इंदिरा नगर टंकी की होगी सफाई

पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हर छह माह में निगम सीमाक्षेत्र के टंकियों की सफाई कराई जाती है। बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। टंकी सफाई की अंतिम कड़ी में इंदिरा नगर टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नहीं भर पाएगी। जिससे 8 अक्टूबर को शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। उक्त इंदिरा नगर टंकी की पूर्व में 7 जनवरी 2026 को सफाई कराई गई थी।

### 9 से यथावत सप्लाई

आयुक्त ने बताया कि इंदिरा नगर टंकी सप्लाई क्षेत्र इंदिरा नगर वार्ड, चैखड़ियापारा, नंदई, हीरोमोती लाइन, गंज लाइन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उदयाचल, दुर्गा चौक, दिग्विजय कॉलेज रोड़, दिवानपारा, सतनामीपारा, सेठीनगर, मोहारा बजरंग नगर में 8 अक्टूबर को शाम के समय पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 9 अक्टूबर को सुबह से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते सहयोग करने की अपील की है।

# गांधी और शास्त्री के योगदान को किया याद

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सत्याग्रह एवं राष्ट्र निर्माण संबंधी विचारों से परिचित कराना तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने प्रेरित करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी के विचार आज भी लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, शांति और मानवता के लिए प्रासंगिक हैं। विद्यार्थियों को गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को व्यवहार में अपनाने का संदेश दिया गया तथा लाल बहादुर शास्त्री ने देश की एकता, आत्मनिर्भरता और कृषि विकास को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर डॉ. अमिता बक्सी, डॉ. राजकुमार बंजारे, संजय सप्तर्षि, डॉ. भारती सोनी एवं दीपक कुमार उपस्थित रहे। विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गांधीजी के आदर्शों एवं उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान से अवगत कराया।





# गोंड समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गोंड समाज संभाग कार्यालय मोहला में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के गोंड समाज की जिला स्तरीय नवीन समिति का गठन किया गया।

- तिरुमल जगत सलामे बने जिला अध्यक्ष, समाज प्रमुखों एवं ग्रामीणों ने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी में तिरुमल जगत सलामे को जिला अध्यक्ष, तिरुमल राजुराम हिडको एवं तिरुमल पुरन कुमेटी को उपाध्यक्ष, तिरुमल बृजलाल कचलामे को कोषाध्यक्ष, तिरुमल पुरन सिंह घावडे को सचिव तथा तिरुमल सगराम वर्चो को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं तिरुमल राजाराम मरापी को सह-सचिव नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार तिरुमल संतलाल कोर्राम, तिरुमल जगलाल कोमरे, तिरुमल हिरेसिंग घावडे, तिरुमल लाल साय आचला एवं तिरुमल नरेन्द्र नेताम को सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तिरुमल अनिल नेताम को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित समाज प्रमुखों ने नवगठित जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नवीन पदाधिकारियों से समाजहित में सक्रियता के साथ कार्य करने तथा सामाजिक एकजुटता, संगठन और समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।



### रविवार को शपथ ग्रहण

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज प्रमुख एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उपस्थित समाजजनों ने नवीन कार्यकारिणी का स्वागत करते उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी रविवार को आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान नवीन पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों एवं दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ लेंगे।

# उद्यमिता जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंक ऑफ बड़ौदा एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर निदेशक अमित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजन दिग्विजय महाविद्यालय में किया गया।

शिविर के दौरान बड़ौदा के कार्यक्रम समन्वयक ऋषभ मिश्रा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संस्थान में संचालित विभिन्न निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी, जो वर्मी खाद वेजिटेबल नर्सरी मशरूम, कॉस्ट्यूम ज्वेलरी, सॉफ्ट ट्वॉयज, फोटोग्राफी, अगरबत्ती निर्माण एवं अन्य विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत बैंक ऋण प्रक्रिया को बताया एवं एनएसक्यूएफ लेवल ल प्रमाण पत्र का भी महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों, प्रशिक्षण के लाभ तथा रोजगार के विभिन्न विकल्पों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।



### करियर गाइडेंस की दी जानकारी

इस अवसर पर विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस देते श्री मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में केवल नौकरी की तलाश करने के बजाय कौशल विकास एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रयास करना चाहिए। युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. संजय समेत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# चंदैनी गोंदा के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोककला को संजोने का प्रयास जारी

**सोमनी।** चंदैनी गोंदा की नींव 55 साल पहले ही रख दी गई थी। राजनांदगांव जिले के बघेरा निवासी दाऊ रामचंद्र देशमुख ने 1971 में चंदैनी गोंदा की स्थापना की थी। उन्होंने इसमें दशा और दिशा को दर्शाया था। चंदैनी गोंदा छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति नाचा और संगीत को नया मंच और सम्मान दिलाने वाली एक बहुत ही लोकप्रिय सांस्कृतिक यात्रा थी, जिसे प्रारंभ में दाऊ रामचंद्र देशमुख फिर बाद में संगीतकार खुमान साव और गीतकार लक्ष्मण मस्तुरिया ने आगे बढ़ाया। अब छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और लोककला को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी लोककला मंच 'ईरा' जिला राजनांदगांव द्वारा चंदैनी गोंदा के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है।



मंच के प्रस्तुतकर्ता पुकेश्वर (रिंकू) देशमुख के नेतृत्व में कलाकार छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का प्रयास कर रहे हैं। इन प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और संगीत का सुंदर समावेश देखने को मिलता है।

मंच से जुड़े कलाकारों का कहना है कि "हमर संस्कृति, हमर पहचान" की भावना के साथ छत्तीसगढ़ की लोककलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना, उनका प्रमुख उद्देश्य है। चंदैनी गोंदा जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिल रहा है।

# आवासीय प्रयास कोचिंग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एनआईसीसी छुईखदान ने प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग केन्द्र का शुभारंभ किया। विगत तीन-चार वर्षों से इस संस्थान के स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा इस कार्य को लगन और समर्पण के साथ किया जा रहा है। इस निःशुल्क कोचिंग से क्षेत्र के अनेक गरीब एवं प्रतिभावान बच्चों को लाभ मिल रहा है।

मुख्य अतिथि बीईओ प्रशांत चिरवतकर थे। विशेष अतिथि के रूप में एबीईओ श्री सुधाकर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई।

कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए राजू दास मानिकपुरी ने एनआईसीसी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इस कोचिंग से मिलने वाले लाभ को अवध चंदेल ने रखा। एबीईओ श्री सुधाकर ने कहा कि ऐसा स्तुत्य प्रयास करने वाले शिक्षकों के परिश्रम को सफल बनाना बच्चों के साथ पालकों की भी जिम्मेदारी है, जिसके बिना इस कोचिंग का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। बीईओ श्री चिरवतकर ने इस कार्य में लगे शिक्षकों के प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह निःशुल्क कोचिंग भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मील का पत्थर है।




इससे बच्चे आगे चलकर एनआईटी और जेईई जैसी बड़ी परीक्षाओं में सफल होकर अपना जीवन सार्थक बना सकते हैं।

### बच्चों का स्वागत

कोचिंग हेतु ली गई मॉक टेस्ट में टॉप-10 स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया। संचालन व्याख्याता डॉ. सियाराम साहू ने किया। इस अवसर पर दोदेश्वर चंदेल, मोहन जंघेल, राजूदास मानिकपुरी, दिग्विजयदास वैष्णव, संजीव धुर्वे, अवध चंदेल, कुंभलाल जंघेल, राघवेंद्र वर्मा, चेतराम वर्मा, उमेश साहू, अश्वनी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### करमतरा के आंगनबाड़ी में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन

# सेवा चौपाल में दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को करमतरा के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राजगमी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू थी। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य टूमन लाल साहू, समाजसेवी अमलेंदु हाजरा, अंजू सिंह , परियोजना अधिकारी डॉ. वीरेंद्र साहू, सरपंच रेखा बघेल, रोहित साहू, उमाकांत चंद्राकर, हीरूराम थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने ग्रामीण महिलाओं और माताओं से अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मां ही एक स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। उन्होंने महिलाओं को सही पोषण संबंधी आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।जनपद सदस्य श्री साहू ने इस चौपाल को ग्रामीणों के लिए एक स्वर्णिम अवसर बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्वास्थ्य और पोषण संबंधी शासकीय नीतियां सीधे धरातल पर पहुंचती हैं। समाजसेवी श्री हाजरा ने बच्चों के शुरुआती विकास के दिनों में पोषण पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



### स्वास्थ्य योद्धाओं का सम्मान

कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना से मिल रहे आर्थिक व स्वास्थ्य लाभों पर अपने जमीनी अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से मिलने वाली राशि से उन्हें गर्भावस्था और शिशु की देखभाल में कितनी बड़ी मदद मिल रही है।क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सजग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों और पर्यवेक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने वाले सफल हितग्राहियों का भी बहुमान किया गया।

### तिरंगा भोजन की गूंज

चौपाल के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक देविका साहू ने मुनगा के चमत्कारी औषधीय और पोषक गुणों के बारे में बताया। उन्होंने कुपोषण को दूर करने के लिए हर घर में मुनगा का पौधा लगाने और उसे आहार में शामिल करने का अनुरोध किया। ग्रामीणों को तिरंगा भोजन की अवधारणा समझाते हुए संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित किया गया, ताकि भोजन में सभी आवश्यक विटामिंस और प्रोटींस शामिल हो सकें।

# बीरेन्द्र बहादुर सिंह की सतत साधना का सम्मान, लोगों ने दी बधाई

## नई दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से हुए विभूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



नगर के वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार बीरेंद्र बहादुर सिंह को द लुसियाना रिसर्च यूनिवर्सिटी (यूएसए) द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया गया है। नई दिल्ली के द महफ़िल ग्रैंड में गत दिनों आयोजित एक गरिमामय समारोह में विश्वविद्यालय की भारतीय प्रतिनिधि संस्था एशिया बुक आफ रिकॉर्ड फाउंडेशन ने छुईखदान नगर के बीरेंद्र बहादुर सिंह को साढ़े तीन दशक की पत्रकारिता एवं साहित्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया।

हिन्दी साहित्य समिति छुईखदान के अध्यक्ष बीरेंद्र बहादुर सिंह को डाक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर जय जगन्नाथ सेवा समिति, सुकवा साहित्य मंच एवं प्रेरणा क्लब छुईखदान तथा उनके मित्रों और शुभचिंतको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। युवावस्था से ही रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहने वाले बीरेंद्र बहादुर की सिंह की पहचान 90 के दशक में एक लेखक के साथ संस्कृतिकर्मी और साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रमुख संयोजक की रही है। अपने 32 वर्षों की अनवरत पत्रकारिता में सम सामयिक रिपोर्टिंग के साथ ही छत्तीसगढ़ की प्रदर्शनकारी लोककला, साहित्य, संस्कृति एवं इतिहास पर उन्होंने सार्थक एवं तथ्यपरक लेखन किया है। छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं और लोक कलाकारों पर उन्होंने शोधपरक एवं संग्रहणीय लेखन किया है। छुईखदान रियासत और नगर के 270 वर्षों के इतिहास पर आधारित और 2020 में प्रकाशित उनकी पुस्तक छुईखदान परत दर परत काफी चर्चित है। बीरेंद्र बहादुर सिंह की इन उपलब्धियों पर अनेक संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। लुसियाना यूनीवर्सिटी (यूएस) द्वारा बीरेंद्र बहादुर सिंह को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करना वस्तुतः उनके तीन दशक की मूल्यपरक पत्रकारिता एवं साहित्य साधना का सम्मान है।

## सार समाचार

### चित्रकला में कोनिका प्रथम व सौरभ रहे द्वितीय

**राजनांदगांव।** भिलाई के सेक्टर-4 स्थित एसएनजी स्कूल में स्वरांगना महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में डांस व चित्रकला



सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें अलग-अलग जिलों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में राजनांदगांव के प्रवीण ड्राइंग क्लासेस के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में कोनिका सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सौरभ घड़श्याम ने द्वितीय स्थान हासिल कर राजनांदगांव का नाम गौरवान्वित किया। इसके अलावा सरल माधवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कलाकृति महोत्सव के संस्थापक रोशन देवांगन, गुंजन देवांगन एवं शशिकला पोद्दार ने शुभकामनाएं दी। ड्राइंग टीचर प्रवीण सहारे ने बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों एवं युवाओं में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ उन्हें कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने प्रेरित करते हैं।

### लेखक गिरीश ठक्कर सम्मानित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी व्यंग्य लेखन गिरीश ठक्कर को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र सहित स्मृति चिन्ह भेंट



कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि हास्य व्यंग्य लेखन के लिए साकेत सम्मान, शिवनाथ धारा सम्मान व लायन्स क्लब सहित अनेक सम्मान से श्री ठक्कर सम्मानित हो चुके। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा श्री ठक्कर की इस उपलब्धि के लिए बेमेतरा सम्मेलन में सम्मानित किया जाना था, किंतु उनके अस्वस्थता वश राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के ग्राम मोखला में आयोजित साकेत साहित्य परिषद के वार्षिकोत्सव आयोजन में उन्हें शाल ओढ़ाकर तथा श्रीफल प्रशस्ति पत्र व भव्य स्मृति चिन्ह देकर किया। उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के सचिव मानसिंह द्वारा दी गई।

### सुंदरा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक सर्जरी

**राजनांदगांव।** सुंदरा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में टोटल हिप रिप्लेसमेंट (टीएचआर), टोटल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) एवं स्पाइन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इन सर्जरी को अस्पताल के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स एवं स्पाइन सर्जन डॉ. आदित्य जगदाले एवं उनके मेडिकल टीम द्वारा किया गया। टीएचआर एवं टीकेआर के माध्यम से क्रमशः क्षतिग्रस्त कूल्हे और घुटने के जोड़ का कृत्रिम प्रत्यारोपण किया जाता है। जबकि स्पाइन सर्जरी के माध्यम से रीढ़ से संबंधित विभिन्न समस्याओं का उपचार किया जाता है। अस्पताल प्रबंधन एवं सुंदरा हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एसके नंदा ने डॉ. आदित्य जगदाले एवं पूरी मेडिकल टीम को सफल सर्जरी के लिए बधाई दी। कुछ दिनों पूर्व भी एक 92 वर्ष की वृद्ध महिला के हिप का भी सफलतापूर्वक रिप्लेसमेंट किया गया। अस्पताल द्वारा क्षेत्र के मरीजों को उन्नत ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### समिति ने किया राजेश, कमलेश व बीरेन्द्र का सम्मान

**राजनांदगांव।** द लुसियाना रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त कर राजनांदगांव लौटने पर समाजसेवी राजेश मारू, पत्रकार



कमलेश सिमनकर एवं बीरेंद्र बहादुर सिंह का बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा भावभीना स्वागत किया गया। स्थानीय मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर में बीती रात आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने बर्फानी सेवा समिति के उपाध्यक्ष दीपक जोशी एवं महामंडलेश्वर गोविंद दास के नेतृत्व में समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेश मारू, डॉ. कमलेश सिमनकर एवं डॉ. बीरेंद्र बहादुर सिंह का पुष्प हार, पुष्प गुच्छ और शाल भेंट कर सम्मान किया। दीपक जोशी ने नगर के तीन व्यक्तित्वों को डाक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के नीलम जैन, महेंद्र लुनिया, सूरज जोशी, आलोक जोशी, सुदीप जोशी, समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा गन्नू, अंजनी शरण और ज्ञानचंद उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा गन्नू ने दी।

### रामपुर में नुक्कड़ नाटक आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान



में ग्राम रामपुर में सेवा से संकल्प कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं सेवा से संकल्प कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनीता शंकर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं एवं लाल बहादुर शास्त्री का वंदन व नमन किया गया। गांधी व शास्त्री के जन्मदिवस पर सेवा से संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा नशामुक्त भारत के संकल्प का आह्वान किया गया। ग्रामवासियों को नशे से मुक्त रहने हेतु आह्वान किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजना यथा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आदि का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने मंच से अपना उद्बोधन दिया और सेवा से संकल्प कार्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मनीष साहू, भुवन साहू, भारतलाल साहू, लता साहू, रोशन साहू, हरिचंद नेताम, ललिता साहू एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### हितग्राही मूलक योजनाओ की दी गई जानकारी

**राजनांदगांव।** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में मेगा कैम्प लगाया जा रहा है। वार्ड नं. 14 से 28 तक के लिए सोमवार को नगर निगम परिसर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों का स्टाल एक ही जगह लगाकर नागरिकों की समस्या से संबंधी आवेदन प्राप्त कर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में श्रम विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासन की लाभकारी योजना का लाभ लेने जानकारी दी गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार तथा विद्युत विभाग द्वारा सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताया गया।

## विस अध्यक्ष की पहल के बाद जिला प्रशासन सक्रिय, रेलवे से जुड़े कार्यों को मिली गति

# गौरीनगर अंडरपास से चौबीस घंटे में पानी निकासी का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं रेलवे के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ हुई बैठक के तत्काल बाद जिला प्रशासन द्वारा जनहित से जुड़े रेलवे कार्यों को गति देने आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। बैठक में उठाए गए मुद्दों पर संबंधित विभागों को सक्रिय करते कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के गौरीनगर अंडरपास में बारिश के बाद जमा पानी की निकासी का कार्य तत्काल तेज कर दिया गया है। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संबंधित औद्योगिक संस्थानों के सहयोग से जल निकासी के लिए आवश्यक संसाधन और मशीनरी लगाई गई है। पानी निकासी की प्रक्रिया को तेज गति से संचालित किया जा रहा है तथा आगामी 24 घंटे में पानी की निकासी पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। अंडरपास से पानी निकलने के बाद रेलवे द्वारा वहां किए जाने वाले आगामी कार्यों को प्रारंभ करने में सुविधा होगी। इस दिशा में जिला प्रशासन और रेलवे के बीच समन्वय के साथ लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### बाकल ब्रिज की सरन का निर्माण भी जल्द

बैठक के बाद बाकल क्षेत्र में निर्मित ओवरब्रिज की सर्विस लेन के निर्माण कार्य को भी रेलवे द्वारा प्रारंभ किया जाना बताया गया है। सर्विस लेन के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों के साथ-साथ आसपास के किसानों को आवागमन में महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से किसानों को कृषि कार्यों के दौरान आवागमन तथा कृषि उपज के परिवहन में सुविधा प्राप्त होगी। इससे क्षेत्र में आवागमन व्यवस्था और बेहतर होने की उम्मीद है। विधानसभा अध्यक्ष की पहल के बाद जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू करते लंबित एवं जनहित से जुड़े कार्यों को गति दी जा रही है, ताकि रेलवे से संबंधित विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा सके।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपहरण एवं छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र अंतर्गत 3 अक्टूबर को पीड़िता द्वारा सूचना दी गई कि उसकी नाबालिग पुत्री 2 अक्टूबर को दोपहर करीब साढ़े 11 बजे से लापता है। परिजनों द्वारा नाबालिग बालिका की जान-पहचान, रिश्तेदारों एवं अन्य संभावित स्थानों पर लगातार पता तलाश की गई, किंतु उसका पता नहीं चल सका। प्रार्थिया द्वारा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की आशंका व्यक्त की गई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।

#### नाबालिग सकुशल बरामद

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान 5 अक्टूबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नाबालिग बालिका को सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का निवासी पुनीत यादव 21 वर्ष के घर में रखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल संदेही के निवास पर पहुंचकर पतासाजी की गई, जहां नाबालिग बालिका मिली। बालिका को समक्ष गवाहों के बरामदगी पंचनामा तैयार कर सकुशल बरामद किया गया।

## आज निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवा संकल्प पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला राजनांदगांव द्वारा कल 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

सेवा संकल्प पखवाड़ा के संयोजक एवं महापौर मधुसूदन यादव तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सेवा ज्योति यात्रा मशाल के साथ निकाली जाएगी। यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जहां कार्यकर्ता उत्साह एवं उमंग के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संदेश को आमजन तक पहुंचाएंगे। कल बुधवार को सुबह 10 बजे कृषि उपज मंडी राजनंदगांव में संकल्प सभा का आयोजन होगा। जिसमें वर्चुवल माध्यम से विकसित भारत का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिलवाएंगे। सेवा ज्योति यात्रा के प्रभारी दिनेश गांधी ने बताया कि सुबह 10.10 पर वर्चुअल माध्यम से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उद्बोधन होगा। सर्वप्रथम संकल्प सभा में राष्ट्रगीत होगा और सांसद संतोष पांडे का उद्बोधन भी होगा और कार्यक्रम पश्चात सेवा ज्योति रथ की मशाल प्रज्वलित की जाएगी। इस मशाल को लेकर यात्रा गंज मंडी से इंदिरा नगर से दुर्गा चौक से बसंतपुर थाना से भारत माता चौक होते हुए उदयाचल पहुंचेगी, जहां सेवा ज्योति यात्रा का समापन होगा।

## आईपीएल पोटाश की 60 बोरी जब्त, नमूना अमानक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में उर्वरकों के अवैध परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर नियंत्रण के लिए कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में 17 सितंबर को कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डोंगरगांव क्षेत्र में आईपीएल पोटाश की 60 बोरियां जब्त की गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेंद्र मिश्रा, निवासी ग्राम बमनी चारभाठा, विकासखंड छुरिया द्वारा उक्त खाद को जिले में लाकर विभिन्न स्थानों पर पहुंचाए जाने की सूचना विभाग को प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर संबंधित खाद के परिवहन को रोककर मौके पर सत्यापन किया गया।



#### कवर्धा से प्राप्त करने की बात सामने आई

प्रारंभिक पूछताछ में संबंधित व्यक्ति द्वारा उक्त खाद कवर्धा से प्राप्त करना बताया गया। इसके बाद कवर्धा जिले की विभागीय टीम से समन्वय कर संबंधित व्यक्ति द्वारा बताए गए स्थान पर सत्यापन कराया गया।

#### पुलिस को दी गई सूचना

प्रकरण में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस थाने को सूचना दी गई है। प्रकरण से संबंधित प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट एवं अन्य उपलब्ध दस्तावेजों को कार्रवाई में शामिल किया जा रहा है।

#### दस्तावेज प्रस्तुत नहीं

मौके पर संबंधित व्यक्ति से खाद के संबंध में वैध दस्तावेज, बिल एवं चालान प्रस्तुत करने को कहा गया। संबंधित व्यक्ति द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 60 बोरी आईपीएल पोटाश को नियमानुसार जब्त किया गया।

#### परीक्षण में 60 के स्थान पर 3 प्रतिशत पोटाश की मात्रा

प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार, संबंधित उर्वरक में निर्धारित 60 प्रतिशत पोटाश के स्थान पर मात्र 3 प्रतिशत पोटाश पाया गया। पोटाश की मात्रा निर्धारित मानक से काफी कम पाए जाने के कारण प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट में उक्त नमूने को अमानक घोषित किया गया है।

## पीवी एप का विरोध, हड़ताल पर गए पटवारी, कार्यालय में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फसल गिरदावरी सत्यापन के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए पीवी एप के जरिये पटवारियों को हर खेत तक पहुंचकर भौतिक सत्यापन करने के फरमान का विरोध जारी है। पटवारियों ने आदेश को वापस लेने मंगलवार को सामूहिक अवकाश लिया। एक दिवसीय इस हड़ताल से तहसील स्थित पटवारी कार्यालय में ताला लटका रहा। दिनभर लोग अपने क्षेत्र के पटवारी की तलाश में चक्कर काटते रहे और ताला लटका होने से राजस्व कामकाज भी प्रभावित हुआ।




#### एप से सत्यापन संभव नहीं

बीते 2 अक्टूबर को हुई पटवारी संघ की प्रांतीय बैठक में पीवी एप के विरोध में प्रदेशभर में 6 अक्टूबर को पटवारियों की सामूहिक अवकाश का ऐलान किया गया था। एप के विरोध को लेकर पटवरी संघ का कहना है कि हर खेत तक भौतिक रूप से पहुंचना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। जबकि एप में प्रत्येक खेत तक पहुंचना अनिवार्य किया गया है।

### काम को बोलो मत, काम को बोलने दो



**राजनांदगांव।** भगवान राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी के भगवान श्री अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ रविवार को अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी नरेंद्र गोयल ने अग्र ध्वजा फहराकर महोत्सव का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भगवान श्री अग्रसेन की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। 4 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव में सप्ताहभर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि नरेंद्र गोयल ने कहा कि "काम को बोलो मत, काम को बोलने दो।" उन्होंने कहा कि समाजसेवा के कार्य का स्वयं प्रचार-प्रसार नहीं करना चाहिए। हम जो सेवा कर रहे हैं, उसका बखान दूसरे लोग करें, तभी उस सेवा और दान का वास्तविक महत्व है। उन्होंने कहा कि एक हाथ से दान करें तो दूसरे हाथ को भी पता नहीं चलना चाहिए। यही सच्चे दान और समाजसेवा की भावना है।

## राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा स्वर्गीय प्रकाश चितलंगिया की स्मृति में आयोजित द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता–2026 का समापन हुआ। 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल एवं कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से राजनांदगांव में टेबल टेनिस एवं अन्य इंडोर खेलों के विकास के लिए लगभग 10,000 वर्गफीट के सर्वसुविधायुक्त इंडोर टेबल टेनिस हॉल की आवश्यकता का विषय प्रमुखता से रखा गया। वहीं समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, पूनम चितलांगिया, दीपेश पटेल, जयंतीलाल पटेल, निकेश व्यास, डॉ. आरएस मौर्य, सूर्यकान्त चितलांगिया, आकाश सोनी, रवि बग्गा एवं सुनील अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी सहभागिता देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टेनिस संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बग्गा, सचिव अरुण डुलानी, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र साहू एवं संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों के अभिभावकों ने आयोजन की खुले दिल से प्रशंसा की।

## हर घर मुनगा-घर-घर मुनगा अभियान

# जिले में लगाए जाएंगे 10 लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों एवं प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को राहत पहुंचाने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

हर घर मुनगा-घर-घर मुनगा पौधरोपण अभियान के अंतर्गत जिले में 10 लाख मुनगा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अभियान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों के आसपास मुनगा पौधरोपण करने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों के




#### क्रियान्वयन में तेजी लाने निर्देश

कलेक्टर ने नागरिकों को प्राकृतिक एवं स्वच्छ सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश दिए। जिले में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए अब तक 14 हजार 102 लोगों ने आवेदन किया है। सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करते योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित उद्योगों एवं राइस मिलर्स में सोलर पैनल लगाने प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों की हाउसिंग सोसायटियों में शिविर आयोजित कर सौर ऊर्जा अपनाने प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने सीएम जनदर्शन, सीएम हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शेष पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने कृषि, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### क्वांर नवरात्रि मेले की तैयारियों की ली जानकारी

कलेक्टर ने डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाले आगामी क्वांर नवरात्रि मेले की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने पदयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते पदयात्री मार्गों की समुचित साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा सेवा पंडालों में स्वास्थ्य टीम की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्रेडा विभाग को पदयात्री मार्गों पर लगी सभी सोलर लाइटों की जांच कर उन्हें चालू करने कहा। जिससे रात्रि के समय पदयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने नवरात्रि पर्व के दौरान खाद्य दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट अथवा एक्सपायरी तिथि की सामग्री पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरूद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त व्याख्याता को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया



**कवर्धा।** शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कंझेटा में सेवानिवृत्त व्याख्याता प्रभाकर कुमार ताम्रकार को सेवानिवृत्त होने पर शाल, श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। श्री ताम्रकार द्वारा कुल 40 वर्ष 02 माह अपनी शिक्षकीय सेवाएं दिए हैं, उन्होंने सहायक शिक्षक पद से वरिष्ठ व्याख्याता के पद तक कार्यरत थे। वे बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं व्यवहारकुशल शिक्षको में जाने जाते हैं। जिस पर उनके सेवानिवृत होने पर एसएमसी अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, डॉ पारस चंद्रवंशी, भुलऊ चंद्रवंशी, संजय वैष्णव, मोहन शर्मा, हेमंत कश्यप, हीराराम चंद्रवंशी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

### तीन तालाबों में भरा लबाबल पानी



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में लंबे समय से सूखे पड़े तीनों तालाबों में नहर से पानी लाकर उन्हें लबालब भर दिया गया। तालाबों के भरने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है और गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के तीनों तालाब पूरी तरह सूख चुके थे, जिसके कारण लोगों को निस्तारी के लिए पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। गांव में लगे बोर भी लगातार केबल चोरी की घटनाओं के कारण ठीक से संचालित नहीं हो पा रहे थे, जिससे समस्या और बढ़ गई थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से नहर को चालू कराया और नहर के पानी को तालाबों तक पहुंचाने की व्यवस्था की। इसके बाद तीनों तालाब पानी से भर गए और अब इनमें पर्याप्त पानी उपलब्ध हो गया है। तालाबों में पानी भरने से ग्रामीणों को निस्तारी सहित मवेशियों के लिए पानी की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि ये तालाब गांव के सुख-दुख से जुड़े हुए हैं और लंबे समय बाद इनके भरने से पूरे गांव में खुशी का माहौल है, ग्रामीणों ने इस कार्य में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिले में गरिमामय ढंग से आयोजित हो सेवा ज्योति यात्रा: कलेक्टर

# समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा का कबीरधाम जिले में भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा प्रातः 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज डोम से प्रारंभ होगी। यात्रा निर्धारित मार्ग से हनुमान वाटिका, सर्किट हाउस के सामने से महामाया मंदिर, भारत माता चौंक, सिग्नल चौंक, विंध्यवासिनी माता मंदिर एवं झंडा चैक होते हुए पुनः पीजी कॉलेज डोम पहुंचेगी। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आयोजन को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने को कहा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, सागर सिंह राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

#### उच्च न्यायालय के प्रकरणों की भी हुई समीक्षा



समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने विभिन्न विभागों से संबंधित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को उच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रकरणों में समय पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का संपादन सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।

# ग्रामीण क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीके से हो रही खेती-किसानी, फसल तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



ग्रामीण क्षेत्रों में अब किसान परंपरागत खेती के साथ वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कृषि के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रहे हैं। किसानों द्वारा नई तकनीक, उन्नत बीज और फसल विविधकरण के माध्यम से एक ही खेत में अलग-अलग प्रकार की फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। इससे किसानों की पैदावार बढ़ने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम दौजरी निवासी संतोष चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, बीजाझोरी निवासी लालप्रसाद साहू, सारंगपुर खुर्द निवासी महादेव ठाकुर, डबराभाट निवासी गौवर्धन अहिरे तथा पुन्नी भट्ट सहित कई किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर रहे हैं।

अब किसान केवल एक फसल पर निर्भर न रहकर एक ही खेत में अलग-अलग मौसम और जरूरत के अनुसार कई प्रकार की फसलें ले रहे हैं। किसानों द्वारा टमाटर, बैंगन, भिंडी, बरबटी, धनिया, मेथी, मिर्च, गोभी, लौकी, आलू, मूंगफली, हल्दी, सेमी, रखिया और करेला जैसी विभिन्न सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा केला और पपीता जैसे फलों की खेती भी की जा रही है। इससे किसानों को सालभर आय के अलग-अलग स्रोत मिल रहे हैं।

#### बेहतर उत्पादन से आर्थिक स्थिति में सुधार

ग्राम दौजरी निवासी किसान संतोष चंद्रवंशी ने बताया कि वर्तमान में बैंगन करीब 20 रुपए प्रति किलो की दर से बेच रहे हैं। तैयार बैंगन को 10 किलो के पैकेट में पैक कर मंडी और स्थानीय बाजार में बिक्री के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। किसानों का कहना है कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से कम भूमि में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त हो रहा है और बाजार में मांग के अनुसार फसल तैयार करने का लाभ मिल रहा है। ग्रामीण किसानों का यह प्रयास कृषि को लाभकारी बनाने के साथ-साथ अन्य किसानों को भी पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# कामठी के विद्यार्थियों ने चित्रकला एवं भाषण स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी के विद्यार्थियों ने विकासखंड पंडरिया स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर के लिए चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

जिला स्तर पर भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की ओर से सम्मानित किया गया। प्रशासन द्वारा प्राप्त पुरस्कार भी विद्यार्थियों को प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को उनके परिश्रम, प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिणाम बताते हुए उनके निरंतर आगे बढ़ने की कामना की।

# कुई-कुकदुर महाविद्यालय हेतु 12 अक्टूबर से शुरू होगी बस सेवा

### विधायक की पहल से वनांचल की बेटियों को मिलेगी नई उड़ान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा, सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा एक और सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की जा रही है। विधायक भावना बोहरा द्वारा 12 अक्टूबर को वनांचल क्षेत्र कुई कुकदुर में अध्ययनरत छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों की बेटियों को सुरक्षित, सुगम और नियमित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें उच्च शिक्षा से जोड़ना है।

पंडरिया विधानसभा के अनेक ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में आज भी छात्राओं को महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। परिवहन सुविधा के अभाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण कई बार बेटियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। विधायक भावना बोहरा ने इन समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए बेटियों की शिक्षा को बाधित न होने देने का संकल्प लिया है। अब तक इस निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से 1500 से अधिक महाविद्यालयीन छात्राएं लाभान्वित हो चुकी हैं।

यह पहल न केवल छात्राओं को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध करा रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति निरंतरता को भी मजबूत कर रही है। कुई-कुकदुर महाविद्यालय हेतु बस सेवा ग्राम अमनिया से प्रारंभ होकर ग्राम नेऊर में कुशियारी व महीडबरा की छात्राएं, ग्राम दमगढ़ में लुदुटोला व उपका की छात्राएं तथा ग्राम अमेरा, कुर्सीकछार एवं कुई की छात्राओं को लेकर कुई-कुकदुर महाविद्यालय पहुंचेगी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि बेटियां पढ़ेंगी, आगे बढ़ेंगी और अपने सपनों को साकार करेंगी, तभी हमारा समाज और हमारा क्षेत्र वास्तव में सशक्त होगा। वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली बेटियों के सामने शिक्षा के साथ-साथ कॉलेज तक सुरक्षित पहुंचना भी एक बड़ी चुनौती होती है। कई छात्राओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, परिवहन के सीमित साधनों के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई परिवार सुरक्षा की चिंता के कारण बेटियों को आगे की पढ़ाई के लिए दूर भेजने में संकोच करते हैं।

इसी चुनौती को अवसर में बदलने के उद्देश्य से हमने निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की है। हमारी बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य की शक्ति हैं। उनकी शिक्षा में किया गया प्रत्येक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को मजबूत बनाने का प्रयास है। हमारा संकल्प है कि पंडरिया विधानसभा की कोई भी बेटी केवल साधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े।

#### कुई-कुकदुर की छात्राओं के लिए बस सेवा महत्वपूर्ण कदम

भावना बोहरा ने कहा कि शिक्षा किसी भी बेटी के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की सबसे मजबूत नींव है। जब एक बेटी पढ़ती है तो वह केवल अपना भविष्य नहीं बदलती, बल्कि अपने परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी नई दिशा देती है। इसलिए बेटियों की शिक्षा को सुविधाओं से जोड़ना और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पंडरिया विधानसभा का बड़ा भू-भाग वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आता है। यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराने की। वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर की छात्राओं के लिए शुरू की जा रही यह बस सेवा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से छात्राओं को कॉलेज तक आने-जाने के लिए सुरक्षित एवं निःशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी। इससे उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा, समय की बचत होगी और दूरस्थ क्षेत्रों की अधिक से अधिक बेटियां उच्च शिक्षा से जुड़ सकेंगी।

# जिला स्तरीय चित्रकला में छात्रा ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शासकीय हाई स्कूल कुण्डा की छात्रा दिव्या विश्वकर्मा ने सेवा संकल्प अभियान में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। जिस पर छात्रा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बताया जाता है कि छात्रा दिव्या विश्वकर्मा अपने ग्राम गिरधारी कापा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुण्डा सहित अपने माता-पिता प्रभात विश्वकर्मा का नाम रौशन किया है।




मिली जानकारी के अनुसार जिसमें में आयोजित युवा उड़ान-2026 के भव्य आयोजन में उक्त छात्रा को कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं पंडरिया की विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। छात्रा दिव्या ने इसका पूरा श्रेय अपने स्कूल के गुरुओं, माता-पिता एवं अपने चाचा बलबीर विश्वकर्मा को दिया। वहीं संस्था के प्राचार्य गुरदीप सिंह मक्कड़ ने भी स्कूल में छात्रा दिव्या विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया।

### सेवा सेतु शिविर आमजन तक पहुंची शासन की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु सरकार आपके द्वार के तहत नगर पालिका परिषद पंडरिया क्षेत्र के लोरमी रोड, वार्ड क्रमांक 08 स्थित सामुदायिक भवन में ब्लॉक स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें, शिविर में आम नागरिकों द्वारा विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं से संबंधित कुल 63 आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिसमें नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं संबंधित शासकीय सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय रंगोली स्पर्धा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा के रंग राष्ट्र के संग आभार एवं संकल्प की रंगोली विषय पर इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया में ब्लॉक स्तरीय रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय महाविद्यालयों के छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोली का निर्माण किया। इस



आयोजन में इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया, अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय पांडातराई, नवीन शासकीय महाविद्यालय कुई-कुकदूर एवं नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा की छात्राओं ने संयुक्त रूप से रंगोली बनाकर सेवा, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक दायित्व एवं संकल्प का संदेश प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही साथ ही विभिन्न महाविद्यालयों से उपस्थित शिक्षक चंद्रशेखर सिंह राजपूत एवं मुकेश त्यागी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन सिंह राजपूत, कार्यक्रम नोडल चन्द्रहास सिंह राजपूत, सहायक नोडल भोलाराम धृतलहरे सहित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने रंगोली के विविध रंगों और कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से सेवा भावना, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, सामाजिक एकजुटता एवं सकारात्मक संकल्प का संदेश दिया। आयोजन ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ राष्ट्रसेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

प्ररूप छ-4
(नियम 49 गग (3) देखिये)
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित सहसपुर लोहारा
पंजीयन क्र. 1956 जिला- कबीरधाम

क्र./ निर्वाचन/ 02 — मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन — दिनांक 06.10.2026

मुझे, राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ द्वारा आदेश क्रमांक/ रा.स.नि.आ. / निर्वाचन/ KBD-46 / 2018/282 दिनांक 25.01.2018 के द्वारा कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित सहसपुर लोहारा की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के लिये रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

अतएव, मैं ए.के. वैष्णव, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित सहसपुर लोहारा एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-गग के उप-नियम (3) के अधीन सोसाइटी कीमतदाता सूची प्रकाशित करता हूं तथा एतद्द्वारा, सूचित करता हूँ, कि इस मतदाता सूची के संबंध में यदि किसी सदस्यों को कोई दावा या आपत्ति हो, तो वह मय प्रमाण के सूची प्रकाशित होने के दिनांक 06.10.2026 से 15.10.2026 के भीतर लिखित में आपत्ति मेरे द्वारा अधिकृत श्री एन.एस.बांगड़े को कार्यालयीन समय में सोसाइटी के कार्यालय में मेरे द्वारा अधिकृत अथवा मुझे सूची के प्रकाशन दिनांक से 06.10.2026 से 15.10.2026 में प्रस्तुत कर सकते हैं। सूची पर प्रस्तुत दावों एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 16.10.2026 समय दोपहर 12.00 बजे पर किया जायेगा तथा इस प्रकार उपांतरित सूची को, अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जायेगा।

संलग्नः- मतदाता सूची क्रमांक 01 से 257 तक
स्थानः- सहसपुर लोहारा,
दिनांकः- 06.10.2026

(ए.के. वैष्णव)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता
भण्डार मर्या. सहसपुर लोहारा,पं.क्र. 1956

### सड़क पर जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढों से दुर्घटना की आशंका

# मोहतरा से कारीमाटी सड़क खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला से कारीमाटी तक करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क इन दिनों जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है और कबीरधाम जिले के विभिन्न गांवों को जोड़ने में उपयोगी है। शारदीय नवरात्रि को देखते हुए इस सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। ग्राम नेवारी गुढ़ा में नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वहीं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को इन्हीं मार्गों से होकर गुजरना पड़ता है। नवरात्रि के दौरान छोटे-बड़े वाहनों के साथ पैदल श्रद्धालुओं की आवाजाही भी बढ़ जाती है।



सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि यदि सड़क का नवीनीकरण प्रस्तावित है तो शीघ्र कार्य कराया जाए। वहीं, नवरात्रि को देखते हुए तत्काल गड्ढों की मरम्मत और सड़क को आवागमन योग्य बनाने की मांग की गई है, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो



## खबर संक्षेप



### सेवा पखवाड़े में आंगनबाड़ी के बच्चों को बांटे खिलौने

**चिल्फीघाटी।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र सरोधा दादर में बच्चों को खिलौने वितरित किए गए। कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रतन देव, सुनील गुप्ता, सियादेवी, महेश टेकाम सहित ग्रामवासी शामिल हुए। सभी ने मिलकर आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित बच्चों को विभिन्न प्रकार के खिलौने प्रदान किए। खिलौने पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और केंद्र में खुशी का माहौल बना रहा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल एवं खिलौनों की उपयोगिता पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ समय बिताते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे आयोजन आगे भी जारी रखने की बात कही।

### खेल मैदानों की व्यवस्थाएं दुरुस्त

**कवर्धा।** शहर के प्रमुख खेल मैदानों को व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा जल निकासी, साफ-सफाई एवं रखरखाव का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। नगर पालिका की टीम द्वारा करपात्री स्टेडियम, छीरपानी कॉलोनी मैदान, सरदार पटेल मैदान सहित अन्य खेल मैदानों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। नगर पालिका की टीम द्वारा मैदानों में जल निकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। जल निकासी मार्गों को व्यवस्थित करने के साथ ही मैदानों की साफ-सफाई कर उन्हें उपयोग के लिए सुव्यवस्थित किया जा रहा है। मैदानों में स्वच्छता बनाए रखने और खेल गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सफाई एवं रखरखाव का कार्य लगातार जारी है। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के प्रमुख खेल मैदानों की नियमित निगरानी की जा रही है। मैदानों में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखते हुए खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### सड़क के नवीनीकरण के लिए प्राकलन तैयार

**कवर्धा।** कोलेगांव से अमली मालगी को जोड़ने वाली सड़क के नवीनीकरण की दिशा में विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों की मांग और सड़क की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इसके नवीनीकरण के लिए 138.68 लाख रुपये का प्राकलन तैयार किया गया है। सड़क के नवीनीकरण के लिए तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुसार, कोलेगांव-अमली मालगी सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में स्वीकृत हुआ था। सड़क निर्माण का कार्य 31 मार्च 2019 को पूर्ण किया गया। नियमानुसार सड़क की पांच वर्षीय संधारण अवधि पूर्ण होने के बाद अब इसके नवीनीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। विभाग द्वारा नवीनीकरण कार्य के लिए तैयार प्राकलन को तकनीकी स्वीकृति हेतु अधीक्षण अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, परियोजना मंडल दुर्ग के माध्यम से प्रस्तावित किया गया है। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होते ही सड़क नवीनीकरण का कार्य प्राथमिकता के साथ शुरू किया जाएगा। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी और सड़क की स्थिति में सुधार होगा।

### 13 से 16 तक राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**कवर्धा।** 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 का 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2026 तक आयोजन कबीरधाम जिले में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से छात्र-छात्राएं शामिल होकर विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम पुलिस मैदान, छीरपानी कालोनी मैदान में किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबॉल में बालक एवं बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग, हैंडबॉल में बालक एवं बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग तथा सॉफ्टबॉल में बालक एवं बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### छः परिवारों को 24 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत छः विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम दरिया निवासी अघन सिंह की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पत्नी भूखिया बाई को, ग्राम तिलईभाठ निवासी अनिरूद्ध की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पिता शिवा पटेल को, ग्राम दुर्जनपुर निवासी रामबाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति फूलसिंह को, ग्राम लरबक्की निवासी गायत्री की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पिता मुकेश मेरावी को ग्राम दरिया निवासी साधना मेरावी की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्ति ग्रस्त उनके माता राजोबाई और ग्राम जामुनपानी निवासी समलीबाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति केसर गोंड़ को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

# एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र से खिलवाड़: नवीन जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रेसवार्ता में कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने का नाम नहीं है, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर देशभर में करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर किए गए हैं। नवीन जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी करीब 24.99 लाख नाम प्रारूप मतदाता सूची से बाहर किए गए हैं। इनमें 19.13 लाख से अधिक मतदाताओं को स्थानांतरित या अनुपस्थित श्रेणी में रखा गया है। कांग्रेस का सवाल है कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से बाहर होने की नौबत क्यों आई और इसके लिए जवाबदेही किसकी है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रपत्र-6 नए मतदाता का नाम जोड़ने तथा प्रपत्र-7 नाम हटाने या आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया से जुड़ा है। कांग्रेस का आरोप है कि एसआईआर के दौरान प्रपत्र-7 के इस्तेमाल को लेकर कई स्थानों पर गंभीर सवाल सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि कवर्धा नगर पालिका और पांडातराई नगर पंचायत में भी मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस ने समय रहते आपत्ति दर्ज कराई थी। कांग्रेस का आरोप है कि कुछ क्षेत्रों में एक विशेष वर्ग के मतदाताओं के नाम प्रभावित करने का प्रयास किया गया। ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

### निर्वाचन आयोग से पारदर्शिता के साथ जवाब देने की मांग

नवीन जायसवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग लोकतंत्र की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में से एक है। यदि उसकी कार्यप्रणाली को लेकर जनता, राजनीतिक दलों और संवैधानिक संस्थाओं के स्तर पर सवाल उठ रहे हैं तो आयोग को पारदर्शिता के साथ हर सवाल का जवाब देना चाहिए। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने तथा उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की कानूनी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग दोहराई। प्रदेश सचिव वीरेन्द्र जांगड़े ने कहा कि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से हटना महज प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि उसके संवैधानिक मताधिकार को प्रभावित करने वाला गंभीर विषय है। कांग्रेस किसी भी पात्र नागरिक के मताधिकार से खिलवाड़ स्वीकार नहीं करेगी। एसआईआर में बाहर हुए नामों की घर-घर जांच, पारदर्शी पुनरीक्षण और गलत तरीके से हटाए गए नामों को तत्काल वापस जोड़ने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### सवाल वोट का नहीं, लोकतंत्र के भविष्य का



वीरेन्द्र जांगड़े ने कहा कि लोकतंत्र जनता से चलता है, किसी सरकार या अधिकारी की मनमर्जी से नहीं। मतदाता सूची में छेड़छाड़ के हर आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यह केवल वोट का सवाल नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र के भविष्य का सवाल है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि एसआईआर के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से बाहर होना बेहद गंभीर विषय है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि आम मतदाता जानना चाहता है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में नाम मतदाता सूची से बाहर क्यों हुए। उन्होंने कहा कि प्रपत्र-7 के जरिए नाम हटाने की प्रक्रिया की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जिला कांग्रेस ने मांग की कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए। मतदाता सूची से हटाए गए नामों की जांच की जाए तथा निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक संवैधानिक एवं कानूनी कदम उठाए जाएं। प्रेसवार्ता के दौरान कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, सेवादल अध्यक्ष पद्दुम सेन, विष्णु नेताम, मेहुल सत्यवंशी, शिवेंद्र वर्मा, राजा झरिया, वैभव ठाकुर, सुजल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी: ठगों ने नगर के ज्वेलर्स को बनाया ठगी का शिकार

# मंदिर में दान का झांसा देकर 4 तोला सोना पार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र में मंदिर में दान कराने का झांसा देकर ज्वेलर्स से करीब 4 तोला सोने के आभूषण लेकर फरार होने का मामला सामने आया है।

आरोपियों ने ज्वेलर्स को अपनी बातों में उलझाकर करीब 6 लाख रुपए कीमत के सोने के गहने ले लिए। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सराफा लाइन स्थित श्री शिव ज्वेलर्स में दो नकाबपोश व्यक्ति पहुंचे। आरोपियों ने सामने स्थित बजरंगबली मंदिर में दान करने की बात कही।

इसके बाद उन्होंने ज्वेलर्स को विश्वास में लेकर पहले 21 हजार रुपए दान के नाम पर मंदिर ले जाने की बात कही और सोने से बांधने के नाम पर उसकी चेन व अंगूठी निकलवा ली। इसके बाद आरोपी वापस दुकान पहुंचे और दान के नाम पर ज्वेलर्स से अन्य सोने के आभूषण भी निकलवा लिए। आरोपी बुधवार शाम को वापस आने की बात कहकर करीब 4 तोला सोना लेकर फरार हो गए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।




### मामले की जांच में जुटी कवर्धा पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# आरोपः पेट्रोल डालकर विवाहित महिला को जलाने की कोशिश



■ 26 वर्षीय महिला आग में गंभीर रूप से झुलसी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के नरोधी गांव से एक महिला को कथित तौर पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में 26 वर्षीय लीला पाली गंभीर रूप से झुलस गईं। पीड़िता ने अपने ससुर रूप सिंह पाली और सास कुंती पाली पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन नामजद आरोपियों के खिलाफ अब तक गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की गई है। गंभीर रूप से झुलसी लीला का उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति अभी ठीक नहीं है। उनके दो छोटे बच्चे हैं। इसके बावजूद न्याय की मांग को लेकर उन्हें लगातार पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लीला पाली के मुताबिक, उन्होंने मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव को भी लिखित शिकायत दी है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किए जाने की आशंका भी जताई है। पीड़िता ने पुलिस से नामजद आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने के साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि घटना के बाद से वह मानसिक और शारीरिक परेशानी से गुजर रही हैं, वहीं आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उनकी चिंता और बढ़ गई है।

### जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई

मामले में कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने प्रकरण दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है और इसकी विवेचना जारी है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अटल आवास के युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित अटल आवास में रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव समनापुर रोड पुल के पास स्थित राजा फुलवारी में एक चीकू के पेड़ पर लटका मिला।



घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को नीचे उतारकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान छोटू धुर्वे उर्फ नानू, पिता स्वर्गीय संतराम धुर्वे, निवासी अटल आवास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक ने अपने घर के पास स्थित राजा फुलवारी में चीकू के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आसपास के लोगों ने जब युवक को पेड़ पर लटका देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही कवर्धा 112 और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल युवक ने किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा पुलिस जांच के बाद ही युवक की मौत की वास्तविक वजह सामने आने की संभावना है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कुटकीपारा में स्थापित हुई वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा, राजा खड्गराज शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कुटकीपारा में मंडला गढ़ की वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कलश यात्रा के साथ गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात हुई। ग्रामीणों ने यात्रा का आत्मीयता के साथ स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती के प्रति समाज की श्रद्धा और सम्मान देखने को मिला।

कार्यक्रम में राजा खड्गराज कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम कुटकीपारा में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा की स्थापना सभी के लिए हर्ष, गर्व और सम्मान का विषय है। रानी दुर्गावती का जीवन साहस, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। उनके गौरवशाली इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कुटकीपारा में किया गया यह प्रयास केवल प्रतिमा स्थापना तक सीमित नहीं रहना चाहिए। रानी दुर्गावती की विचारधारा, उनके संघर्ष और आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में इसे एक शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए।

### पूरे क्षेत्र में आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



राजा खड्गराज कुमार सिंह ने कहा कि कुटकीपारा से शुरू हुआ यह प्रयास धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए समाज के साथ मिलकर निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के संघर्ष और स्वाभिमान की गाथा समाज के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगी। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने ग्राम कुटकीपारा के समस्त ग्रामवासियों द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान और आत्मीयता के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया तथा सभी को शुभकामनाएं दीं।

## स्कूली विद्यार्थियों ने प्रशिक्षितों से सीखे आग पर काबू पाने के प्रभावी तरीके

# हाई स्कूल छिरहा में फायर फाइटिंग का दिया डेमो

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के पहल पर जिला अग्निशमन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों में घबराने के बजाय सूझबूझ और सतर्कता से काम लेने की महत्वपूर्ण सीख दिया गया।

प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि अग्निशमन विभाग की कुशल टीम ने किसी भी स्थान पर अचानक छोटे स्तर पर आग लग जाने या फिर रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में उसे बुझाने और सुरक्षित बचाव के विभिन्न व्यावहारिक तरीके विस्तार से समझाए।

इस दौरान न केवल सैद्धांतिक जानकारी दिया गया, बल्कि आग बुझाने के तरीकों का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी पूरे उत्साह एवं




साहस के साथ स्वयं सहभागिता करते हुए सिलेंडर में लगे आग को सही तकनीक का उपयोग कर सफलता पूर्वक बुझाकर दिखाया। इसके अतिरिक्त अग्निशमन टीम ने अपने बड़े फायर ब्रिगेड वाहन के आधुनिक उपकरणों के माध्यम से बहुमंजिला इमारतों में लगने वाली आग पर नियंत्रण पाने का प्रभावी प्रदर्शन भी किया।

### आग जैसी घटना पर भागने या घबराने के स्थान पर सही तरीके अपनाएं

इस पूरी गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को यह संदेश देना था कि आग जैसी अनहोनी घटना होने पर वहां से भागने या घबराने के स्थान पर सही तकनीकों का प्रयोग कर आग को नियंत्रित किया जाए, जिससे अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके। इस सफल मॉकड्रिल आयोजन में अग्निशमन विभाग के नायक शशिकपूर झारिया, सैनिक विकास तिवारी, गजेंद्र धुर्वे, कृष्णा चंद्राकर, फायरमेन राजेश बघेल एवं वाहन चालक सुरेंद्र धुर्वे ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दिया, जबकि विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गांधी जयंती के पूर्व दिवस अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई में रासेयो, रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में वृहत स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संस्था के प्राचार्य प्रो. एलके तिवारी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीपी चन्द्रवंशी के निर्देशन में आयोजित हुआ। स्वास्थ्य केन्द्र नगर पंचायत पाण्डातराई के चिकित्सकीय दल ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच की। इस दौरान एसके कौशिक ने एड्स के कारण, बचाव एवं जागरूकता के उपायों की जानकारी दी। शिविर के समापन पर स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डातराई की ओर से महाविद्यालय को फर्स्ट एड किट भेंट की गई।